प्रदर्शन | विद्युत विभाग के कार्यालय में धरना देकर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# बिजली संकट को लेकर मझौली में किसानों का हल्लाबोल



**मझौली, नवभारत, जबलपुर।** भीषण गर्मी के बीच फसलों को बचाने की जद्दोजहद कर रहे मझौली के किसानों का धैर्य आज जवाब दे गया। क्षेत्र में लंबे समय से जारी अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या के विरोध में करणी सेना परिवार (टीम जीवन सिंह शेरपुर) के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने विद्युत विभाग के कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए।

इस बीच किसानों ने बिजली विभाग की मनमानी के विरोध में नारबाजी करते हुए जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### खेत सूख रहे हैं, विभाग चैन की नींद सो रहा

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे टीम के सदस्यों ने कहा कि उड़द और मूंग की फसल के लिए यह समय सबसे महत्वपूर्ण है। सिंचाई के अभाव में फसलें दम तोड़ रही हैं। आलम यह है कि किसानों के खेत सूख रहे हैं। किसानों का आरोप है कि लो-वोल्टेज के कारण उनके महंगे मोटर पंप जल रहे हैं और बार-बार होने वाले लाइन फॉल्ट ने समस्या को और विकराल बना दिया है।

### किसानों ने दिया अल्टीमेटम

किसानों ने विभाग को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में वोल्टेज और सप्लाई में सुधार नहीं दिखता है, तो वे चक्काजाम और उग्र प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान यादवेन्द्र सिंह जूजाखेड़ी, शैलेन्द्र सिंह कालूहेड़ा, दीपक सिंह चौहान, रामलाल तिघरी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

**किसानों की ये हैं प्रमुख मांगें**

कृषि फीडर पर कम से कम 10 घंटे निर्बाध बिजली दी जाए। लो-वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जाएं। जर्जर तारों और फाल्ट की समस्या का तत्काल स्थाई निराकरण हो। किसान अपनी मेहनत से देश का पेट भरता है, लेकिन आज उसे अपनी ही फसल सींचने के लिए प्रशासन के सामने गिड़गिड़ाना पड़ रहा है। यदि 24 घंटे में सुधार नहीं हुआ, तो यह आंदोलन पूरे जिले में फैलेगा।'

**इनका कहना है**

किसानों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पहुँचे सहायक अभियंता एम.पी. विश्वकर्मा ने किसानों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'वर्तमान में गर्मी के कारण बिजली की मांग काफी बढ़ गई है, जिससे सिस्टम पर लोड बढ़ा है। किसानों की लो-वोल्टेज और फाल्ट की शिकायतों को हमने संज्ञान में लिया है। तकनीकी सुधार के लिए हमारी टीम लगातार काम कर रही है। जहाँ भी ट्रांसफार्मर या लाइन में समस्या है, उसे जल्द से जल्द दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति सुचारू करने का प्रयास किया जाएगा।

**एम.पी. विश्वकर्मा, सहायक अभियंता, मझौली**

## अज्ञात कारणों से वृद्ध ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** कुंडम थाना अंतर्गत लखनवारा में वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक चन्द्रशेखर झारिया 43 वर्ष निवासी लखनवारा कुण्डम ने सूचना दी कि सुबह करीब 08 बजे खेत तरफ आया तो उसके चाचा राकेश प्रसाद झारिया अमर लाल के खेत में लगा कंजी के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटके हुये मृत अवस्था में मिले है। फांसी लगा लेने से चाचा राकेश प्रसाद झारिया 55 वर्ष निवासी ग्राम लखनवारा की मौत हो गई।

## ट्रेन से कटे युवक की मौत

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत गोसलपुर-सिहोरा रोड स्टेशन के बीच मोहतरा में ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रेल्वे पाईंट्समैन उमाकांत पाण्डे ने सूचना दी कि गोसलपुर-सिहोरा रोड स्टेशन के बीच मोहतरा में एक युवक 40-45 वर्ष की ट्रेन से टकराने से मौत हो गई।

## रुक्मणी विवाह में जमकर नाचे श्रद्धालु

भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में पहुंच रहीं महिलाएं



**सिहोरा, नवभारत।** गोसलपुर शंकर कालोनी में दुबे परिवार के संयोजन में चल रही भागवत कथा में कथा वाचक ब्रह्मानंद दास महाराज ने बताया कथा का वर्णन करते बताया कि माता रुकमणि से विवाह कर भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा की।उक्ताशय के विचार कथावाचक पंडित संत ब्रह्मानंद दास जी महाराज जी ने सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छंटवे दिवस श्रीकृष्ण रुकमणी के मंगल विवाह के अवसर पर व्यासपीठ से व्यक्त किए आगे कहा भक्तिमार्ग व्यक्ति को नम्र बनाता है जबकि ज्ञानमार्ग जीवन में अहंकार पैदा करता है, पद और संपत्ति पाकर जो व्यक्ति अभिमान करता है उसको भगवान की भक्ति का फल नहीं मिलता, उन्होंने कहा जब भगवान के प्रति

उन्होंने आगे कहा कि रुकमणी मन ही मन कृष्ण को पति मान चुकी थीं और उनका विवाह उनकी इच्छा के बगैर दुष्ट राजा शिशुपाल से किया जा रहा था तो भगवान को संदेश भेजकर उन्होंने मंदिर में बुलवाया तो भगवान ने मंदिर पहुंची माता रुकमणी से विवाह किया श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह की सुंदर झांकी ने सबका मन मोह लिया भगवान के विवाह के साक्षी बने श्रोता दर्शकों ने जी भरकर इस मौके पर नाच गाकर खुशियां मनाई कथा में मुख्य यजमान अवध भूषण दुबे आशा दुबे महेश दुबे ब्रजभूषण दूबे अवध भूषण दुबे शशि भूषण दुबे, चंद्र भूषण दुबे, जग भूषण दुबे, विद्या भूषण दुबे, अधिराज अनिका कनन मयंक उपेंद्र चौबे ओम प्रकाश पटेल, कपिल गर्ग, हेमचंद असाटी, राज पटेल अर्पित चौबे, मीनाक्षी पटेल, अच्छे लाल राजभर, शंकर लाल बर्मन, जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत रमेश व्यास आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

## झपट्टा मारकर लूटा मोबाइल

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो लुटेरों ने झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया। पुलिस के मुताबिक मोह. अकील सिद्धकी 89 वर्ष निवासी अहमदनगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह कटनी मिशन चौक में प्राईवेट काम करता है। बस से रोज अपडाउन करता है। बीती रात 11-20 बजे बस से उतर कर कुरैशी मार्बल वाली गली से पैदल घर तरफ जा रहा था तभी उसका फोन आया तो वह फोन पर बात करने लगा उसी समय एक मोटर सायकिल पर 2 लडके कुरैशी मार्बल की ओर से पीछे से आये एवं झपट्टा मारकर उसका मोबाईल वन प्लस कम्पनी झपट लिये और दोनो तेजी से भाग गये।

### सूने घर से जेवर, नगदी ले गए चोर

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत रक्षा नगर कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान से जेवरात, नगदी पार कर दी। पुलिस के मुताबिक हीरा बाई सोनी 55 वर्ष निवासी रक्षा नगर कालोनी बडा पत्थर रांझी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह बडा पत्थर में चूडी का धंधा करता है। दुर्गा मंदिर से कुछ दूरी पर उसका नया मकान है। कल बडा पत्थर दुर्गा मंदिर से नये मकान मे रात मे चली गयी थी। कोई अज्ञात चोर उसके सूने मकान मे गेट के उपर से चढकर घर का ताला तोडकर अलमारी में रखे नगदी 25 हजार रूपये एवं सोने की झुमकी, मंगलसूत्र वजनी 5 ग्राम, चांदी की पायल वजनी 200 ग्राम, की चुरा ले गया है।



## अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार कार, एक की मौत

एक गंभीर रूप से घायल को मेडिकल कॉलेज शहडोल किया गया रेफर

**चिल्हारी, नवभारत।** उमरिया जिले के मानपुर नगर में एक तेज रफ्तार कार नियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताया जाता है कि दुर्घटना के बाद गंभीर घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर ले जाया गया जहां डॉक्टर ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हायर ट्रीट के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर कर दिया है। यह घटना धानी गैस एजेंसी के आगे इंसाफ मिनीफाइनेंस बैंक के बगल में सुबह करीब 5 बजे के आसपास की बताई जा रही है। मृतक में मानपुर के वार्ड नंबर 8 आजाद मोहल्ला निवासी मुन्ना लाल चौधरी एडवोकेट का एक पुत्र शामिल है वहीं उसका पड़ोसी युवक छोटू चौधरी गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना के बाद थाना मानपुर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## जीवन बीमा उद्योग ने वित्त वर्ष 2026 में 15 .7 प्रतिशत की दर्ज की वृद्धि

प्रीमियम संग्रह रहा लगभग 4.6 लाख करोड़ रुपये

Life Insurance Council
Together in service

**नवभारत,जबलपुर।** भारत के जीवन बीमा क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2026 में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें नए व्यवसाय प्रीमियम (एनबीपी) में वर्ष दर वर्ष 15.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि 4,59,713 करोड़ तक पहुंच गई, जबकि वित्तीय वर्ष 2025 में यह 3,97,337 करोड़ थी। यह वृद्धि मजबूत मांग और बाजार में बढ़ते भरोसे का स्पष्ट संकेत है। मार्च 2026 में, बीमा कंपनियों ने नए व्यवसाय प्रीमियम के रूप में 75,872 करोड़ एकत्र किए, जो मार्च 2025 में 61,439 करोड़ से अधिक है, जो व्यक्तिगत और समूह दोनों क्षेत्रों में निरंतर वृद्धि को दर्शाता है। बीमा जागरूकता समिति (आईएसी-लाइफ) के अध्यक्ष कमलेश राव ने कहा है कि 'जीवन बीमा उद्योग का मजबूत प्रदर्शन बढ़ती जागरूकता और नियोजित वित्तीय सुरक्षा की ओर बदलाव को दर्शाता है,' उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा अंतर को दूर करना एक प्राथमिकता बनी हुई है।

### कुछ इस तरह हुई वृद्धि

समूह के व्यावसायिक क्षेत्र में वृद्धि का नेतृत्व किया गया, जिसमें समूह का एकल प्रीमियम 17.5 प्रतिशत बढ़कर 2,49,766 करोड़ हो गया और समूह का वार्षिक नवीकरणीय प्रीमियम 39 प्रतिशत बढ़ गया। ग्रुप नॉन-सिंगल प्रीमियम ने भी उल्लेखनीय बढ़त दर्ज की है, हालांकि इसका आधार छोटा था। व्यक्तिगत श्रेणी में मजबूती बनी रही, जिसमें इंडिविजुअल नॉन-सिंगल प्रीमियम 10.1 प्रतिशत बढ़कर 1,26,900 करोड़ हो गया और इंडिविजुअल सिंगल प्रीमियम 12.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 57,664 करोड़ पर पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2026 में उद्योग ने 2.83 करोड़ से अधिक बीमा पॉलिसियां जारी कीं, जो 4.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती हैं। पॉलिसियों के कुल मूल्य के मुकाबले उच्च प्रीमियम वृद्धि औसत प्रीमियम आकार में वृद्धि और उन्नत उत्पाद मिश्रण को संकेत करती है।

## यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता मिली तो होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों का लिया जायजा



**जबलपुर, नवभारत।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बुधवार को शहपुरा विकासखंड के चरगवां क्षेत्र अंतर्गत एमएस वेयर हाउस सेमरा और सांवरिया जी एग्रो वेयर हाउस स्थित गेहूं खरीदी केंद्रों का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेहूं की गुणवत्ता जांचने के लिए माप प्रक्रिया देखी और तौल कांटों का भौतिक सत्यापन कराया। कलेक्टर सिंह ने केंद्र पर बारदाने की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था और सुरक्षा हेतु लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने के साथ ही स्टॉक वेरिफिकेशन के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने खरीदी केंद्र पर उपस्थित किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण निर्देशित किया। सेमरा खरीदी केंद्र पर सर्वेयर की कार्यप्रणाली संतोषजनक न पाए जाने पर कलेक्टर सिंह ने उसे हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि पूरी खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई गई, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे।

### उमरिया-डुंगरिया औद्योगिक क्षेत्र भी पहुंचे

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने चरगवां क्षेत्र का सघन दौरा कर विकास कार्यों और औद्योगिक गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने चरगवां क्षेत्र के ग्राम गंगई पहुँचकर वहां चल रहे जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इसके उपरांत कलेक्टर उमरिया-डुंगरिया औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे, जहाँ उन्होंने जावी मेडिकेयर इंडस्ट्रीज का अवलोकन किया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासकीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### उप तहसील कार्यालय चरगवां भी पहुंचे

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने उप तहसील कार्यालय चरगवां का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीमांकन, नामांकन, बंटवारा के प्रकरणों के साथ अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि अन्य राजस्व प्रकरणों के साथ सीमांकन के प्रकरणों को तत्परता के साथ निराकृत करें।



## आदर्श चड़ार युवा संगठन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**नवभारत,जबलपुर।** आदर्श चड़ार समाज संगठन, जबलपुर के तत्वावधान में चड़ार समाज धर्मशाला में युवा संगठन का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। संगठन के गठन में संपूर्ण जिला कार्यकारिणी उपस्थिति रही। वरिष्ठ संरक्षक सुरेश प्रसाद चड़ार (जनपद सदस्य) द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त युवा संगठन में संरक्षक मनीष चड़ार (हटेपुर), आशीष चड़ार (सिंगोरी), टीकाराम चड़ार (रांझी), युवा जिलाध्यक्ष इंजी. अरविंद चड़ार (करौंदी, रांझी), कार्यकारी अध्यक्ष करण चड़ार (बिहरिया), कानूनी सलाहकार एड. सत्यपाल चड़ार (शासकीय अधिवक्ता, म.प्र. उच्च न्यायालय), एड. गणेश चड़ार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवानदास (जनपद सदस्य), महेंद्र चड़ार (संजीवनी नगर), उपाध्यक्ष महेंद्र चड़ार (विवसा), सौरभ चड़ार (विजयनगर), रविंद्र चड़ार (रेंगवा), ऋतिक चड़ार (गंगई), शुभम चड़ार (बरगी), महासचिव मनोज चड़ार (सिहोदा), कोषाध्यक्ष नीलेश चड़ार (मीरगंज), सह-कोषाध्यक्ष अमित चड़ार (धनवंतरी नगर), आनंद चड़ार (रियाना), रवि चड़ार (शिल्पीनगर), केशव पवार (सहजपुर), मोहित गहलोत (ब्यौहारबाग), संगठन मंत्री कुंवर चड़ार (सहजपुर), प्रचार मंत्री जितेंद्र चड़ार (गढ़ा), रामचरण चड़ार (रांझी), नरेंद्र चड़ार (रामनगर), सचिव ऋषि चड़ार (ग्रीन सिटी), संयोजक धर्मेंद्र चड़ार (कूड़न), अजय चड़ार (विवसा, पाटन), मीडिया प्रभारी प्रवीण चड़ार (बिहरिया), मनोज चड़ार (बिहरिया) सहित अन्य के नाम शामिल रहे। कार्यक्रम में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पहारों से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन इंजी. कमलेश चड़ार (एसडीओ, पीडब्ल्यूडी) द्वारा किया गया।

## व्हील लॉक, यातायात में बाधक बने वाहनों को उठाया



चालानी कार्रवाई के साथ नागरिकों को किया जागरूक

**जबलपुर, नवभारत।** सड़क दुर्घटना में कमी लाने चलाया जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस पुलिस कार्रवाई के साथ नागरिकों को जागरूक कर रही है। शहर की सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए वाहनों पर व्हील लॉक करने के साथ क्रेन से वाहनों को उठाने की भी कार्रवाई की गई। आम रोड पर खड़े ऐसे वाहन जो सुचारू यातायात व्यवस्था में बाधा उत्तन्न करते पाये गये, उनके खिलाफ व्हील लॉक की कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं मे कमी लाने के लिए अभियान के रूप में पीओएस मशीन के माध्यम से अधिक से अधिक चालानी कार्यवाही के साथ ही पीओएस मशीन से ही ड्रायविंग लायसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग की ओर भेजा जा रहा है। शैक्षणिक एवं अन्य संस्थानों में हेलमेट की अनिवार्यता व यातायात नियमों के प्रति जागरुकता का अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष कुमार शुक्ला, बैजनाथ प्रजापति, श्रीमति संगीता डामोर एवं यातायात के तीनों थाना प्रभारियों द्वारा टीम बनाकर हेलमेट जागरूकता अभियान अंतर्गत शहर के विभिन्न शासकीय, प्रायवेट संस्थानों एवं शहर के मुख्य-मुख्य चौराहो, तिराहों में हेलमेट जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये गये है। थाना प्रभारी यातायात घमापुर निरीक्षक शशि धुर्वे द्वारा लगभग 300 छात्राओं को हेलमेट लगाने, समेत नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही महिला सुरक्षा संबंधी हेल्पलाईन नम्बर, पुलिस हेल्पलाईन नम्बर की जानकारी दी। कार्यशाला में सुश्री कृतिका खंडेलवाल सेंटर हेड, सुनील के नेमा सेक्रेटरी हेड एवं यातायात के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें। उप पुलिस अधीक्षक यातायात गढ़ा बैजनाथ प्रजापति द्वारा नेक्सा शोरूम सिविल लाईन जबलपुर में कार्यरत स्टॉफ को हेलमेट पहनने, सड़क दुर्घटना में हेलमेट की उपयोगिता के संबंध में पाठ पढ़ाया गया। दो पहिया वाहन चालक जो बिना हेलमेट पाये गये उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर कुल 115 चालानी कार्यवाही की गई एवं संबंधित वाहन चालक के ड्रायविंग लायसेंस निलंबन की कार्यवाही के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जबलपुर को प्रकरण भेजे गये है।

बैठक | पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा

# समयावधि के भीतर पूरे किये जायें सभी कार्य : कलेक्टर



**जबलपुर, नवभारत।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने महाधिवक्ता कार्यालय भवन सहित पुनर्घनत्वीकरण योजना के सीएलपी मद अंतर्गत जिले में चल रहे सभी निर्माण कार्यो में गति लाने के निर्देश गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों को दिये हैं।

कलेक्टर ने बुधवार को आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। कलेक्टर ने बैठक में पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की एक-एक कर समीक्षा की। उन्होंने महाधिवक्ता कार्यालय के नये भवन का निर्माण कार्य जून माह के अंत तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश देते हुये कहा कि जल्दी ही वे स्वयं महाधिवक्ता

कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। श्री सिंह ने जिला अस्पताल की ओपीडी जिला पंचायत के नये भवन के रुके निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने, तय समयावधि के भीतर इन्हें पूरा करने की हिदायत भी गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों को दी।

### निर्माण कार्यों के प्रगति की ली जानकारी

बैठक में कमिश्नर कार्यालय भवन, मॉडल स्कूल में क्लास रूम, स्पोर्ट्स हॉल एवं मीटिंग हॉल, शासकीय कन्या शाला ब्यौहारबाग में क्लास रूम, पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला, कलेक्टर कार्यालय में रिनोवेशन के कार्य, नयागांव, पनागर एवं सिहोरा में राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिये बनाये जा रहे आवासीय भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति का ब्यौरा कलेक्टर सिंह ने लिया। उन्होंने कटंगी में पदस्थ राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिये आवासों के निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की, वहीं पौडा में पदस्थ अमले के लिये सिहोरा में आवासों के निर्माण के निर्देश बैठक में दिये। बैठक में गृह निर्माण मंडल के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत कम्पलसरी

लेंड पार्सल (सीएलपी) मद से सिविल लाइन स्थित बर्न स्टेंडर्ड कम्पनी की 35 हजार 850 वर्ग मीटर भूमि की नीलामी से प्राप्त हुई राशि से जिले में 16 निर्माण कार्य प्रारंभ किये गये हैं। इनमें से महाधिवक्ता कार्यालय भवन के स्ट्रक्चर का कार्य पूरा किया जा चुका है। अब केवल फिनिशिंग का कार्य शेष रह गया है। इसी प्रकार कुंडम में तहसील कार्यालय भवन एवं स्टाफ क्वार्टर्स का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। मॉडल स्कूल में आठ कक्षों एवं मीटिंग और स्पोर्ट्स हॉल का कार्य पूरा कर लिया गया है। जबकि, नयागांव में राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये आवास निर्माण का 80 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई इस बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत एवं गृह निर्माण मंडल के कार्यपालन यंत्री सुनील उपाध्याय भी मौजूद थे।